भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 289 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 25 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान दौरे पर 27 अप्रैल को आएंगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन और सरकार के कामकाज की लेंगे समीक्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 27 अप्रैल को पहली बार राजस्थान दौरे पर आएंगे। अपने इस दौरे के दौरान वे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से लेकर प्रदेश की शीर्ष नेतृत्व तक संवाद करेंगे और संगठन व सरकार के कामकाज की समीक्षा भी करेंगे। पार्टी स्तर पर इस दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबह 10:55 बजे दिल्ली से विशेष विमान द्वारा जयपुर पहुंचेंगे। यहां से वे हेलिकॉप्टर के जरिए टोंक के लिए रवाना होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ भी उनके साथ रहेंगे।

टोंक में राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी के नव निर्मित सात जिला कार्यालयों का उद्घाटन करेंगे, जिनमें टोंक, बूंदी, प्रतापगढ़, बाड़मेर, चूरू, डूंगरपुर और पाली शामिल हैं। इसके साथ ही जालोर में बनने वाले जिला कार्यालय का शिलान्यास भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान वे बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। खास बात यह है कि उनका यह संबोधन सभी नए जिला कार्यालयों में लाइव प्रसारित किया जाएगा।



टोंक कार्यक्रम के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जयपुर पहुंचेंगे, जहां प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों और प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों के साथ बैठक करेंगे। इसके पश्चात कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों, सरकार के कामकाज और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।


जयपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत को लेकर पार्टी ने विशेष तैयारियां की हैं। एयरपोर्ट से प्रदेश भाजपा कार्यालय तक करीब 12 किलोमीटर के मार्ग पर 11 स्वागत मंच बनाए जाएंगे। एयरपोर्ट के बाहर पहले मंच पर उनका संक्षिप्त संबोधन भी प्रस्तावित है, जहां सांगानेर, चाकसू और बगरू विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे।

## बिना नंबर की कार से 40 किलो डोडा चूरा बरामद, तस्कर फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**

डीएसटी टीम एवं थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की मारुति स्वीफ्ट कार से 40 किलो 950 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद किया है। जब्त मादक पदार्थ की बाजार कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने कार्रवाई सीओ मांडलगढ़ बाबूलाल विश्णोई के सुपरविजन में की।

जानकारी के अनुसार, डीएसटी भीलवाड़ा के एएसआई अशोक कुमार को सूचना मिली कि सराणा क्षेत्र के खेतों के कच्चे रास्ते पर खड़ी एक बिना नंबर की कार में मादक पदार्थ हो सकता है। सूचना पर डीएसटी एवं बिगोद थाना पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान कार में रखे दो प्लास्टिक कट्टों में कुल 40.950 किलोग्राम डोडा चूरा मिला।




पुलिस ने मादक पदार्थ सहित बिना नंबर की मारुति स्वीफ्ट कार को जब्त कर लिया। हालांकि, आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग का अपहरण व घर में तोड़फोड़, 24 नामजद लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका के अपहरण, मारपीट और घर में तोड़फोड़ का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने 24 लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया कि मुख्य आरोपी पिछले कई वर्षों से उसकी नाबालिग पुत्री पर गलत नजर रखता था और विवाह के लिए लगातार दबाव बना रहा था। विरोध करने पर आरोपी व उसके परिजन पूर्व में भी कई बार बालिका को जबरन उठाने का प्रयास कर चुके थे। हाल ही में पीड़ित परिवार ने बालिका का विवाह अन्यत्र तय कर दिया, जिसके बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे बहला-फुसलाकर कथित रूप से अगवा कर लिया।

घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने सामाजिक स्तर पर समाधान का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि आरोपी पक्ष के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। आरोपियों ने लाठी-डंडों, सरियों और पत्थरों से हमला कर घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की तथा घर पर भी पथराव किया। इस घटना में करीब 2 लाख रुपए का नुकसान बताया गया है।

रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि एक महिला के साथ मारपीट कर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और कपड़े फाड़ने का प्रयास किया गया। बीच-बचाव करने आए अन्य परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। घटना के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध जांच शुरू कर दी गई है।



बिजोलिया । महिला से हाथापाई करते हुए

## पांसल तालाब में डूबने से मजदूर की दर्दनाक मौत-अजमेर से चित्तौड़गढ़ जा रहा था ट्रक, नहाने उतरे थे तीन साथी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनित चपलोत**

भीलवाड़ा बाईपास स्थित पांसल तालाब में शुक्रवार को नहाने उतरा एक मजदूर युवक मौत के आगोश में समा गया। ट्रक पर मजदूरी करने वाला यह युवक अपने साथियों के साथ गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब में उतरा था, लेकिन गहराई का अंदाजा न होने के कारण वह डूब गया। बचाव दल ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।

पुर थाने के दीवान रामचंद्र ने बताया कि ब्यावर जिला निवासी सोनू काठात ट्रक चालक है, जो शुक्रवार को अजमेर से माल लादकर चित्तौड़गढ़ जा रहा था। ट्रक में उसके साथ हट्टूंडी निवासी कमरुद्दीन (20) सहित तीन मजदूर भी सवार थे। भीलवाड़ा बाईपास से गुजरते समय मजदूरों ने तालाब देखा और नहाने की इच्छा जाहिर की। चालक ने ट्रक रोक दिया और तीनों मजदूर तालाब में नहाने उतर गए।

नहाने के दौरान कमरुद्दीन अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे डूबता देख साथ आए अन्य



मजदूर सख्ते में आ गए और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और तत्काल पुर थाना पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बचाव दल को बुलाया गया। बचाव दल ने करीब दो घंटे तक तालाब में सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद कमरुद्दीन का शव बरामद किया जा सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है, उनके आने के बाद शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## मांडलगढ़ में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

### अफीम का लालच देकर जंगल में ले जाकर की हत्या, 70 हजार रुपये और सोने के आभूषण लूटे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के खंगारजी का खेड़ा के जंगल में मिली अज्ञात युवक की लाश के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई साइबर सेल व मांडलगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 18 अप्रैल को खंगारजी का खेड़ा क्षेत्र के सुनसान जंगल में 2-3 दिन पुरानी अज्ञात युवक की लाश मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो मृतक के गले पर धारदार हथियार से वार तथा सिर पर पत्थर से चोट के निशान मिले। शव को उप जिला चिकित्सालय मांडलगढ़ में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस को मृतक की जेब से मिली दवा की शीशी से अहम सुराग मिला। तकनीकी व साइबर सहायता से मृतक की पहचान जालौर जिले के बागोड़ा थाना क्षेत्र के नया मोरसीम निवासी 32 वर्षीय नगाराम के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने उसके संपर्कों को खंगाला तो उसका परिचित किशनलाल ओड संदिग्ध पाया गया।

पुलिस ने किशनलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या करना कबूल कर लिया। आरोपियों ने नगाराम को अफीम देने के बहाने बुलाया और खंगारजी का खेड़ा के जंगल में ले जाकर ब्लेड से गला काट दिया। इसके बाद सिर पर पत्थर मारकर उसकी हत्या की और जेब से करीब 70 हजार रुपये व कानों के सोने के आभूषण लूट लिए।

पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें किशन पुत्र श्यामलाल (18) निवासी बोलपुरिया, ईश्वर पुत्र रमेश (20) निवासी जापरपुरा, विनोद पुत्र पप्पूलाल (21) निवासी जापरपुरा तथा कमलेश पुत्र तुलसीराम (22) निवासी बोलपुरिया, थाना मांडलगढ़, जिला भीलवाड़ा शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि वारदात में शामिल सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## पंचायतीराज चुनाव को लेकर कांग्रेस का प्रदेशव्यापी अभियान शुरू, सरकार पर साधा निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

पंचायतीराज स्थापना दिवस के मौके पर राजधानी जयपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 'चुनाव करवाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान की शुरुआत की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सरकार से शीघ्र पंचायत चुनाव कराने की मांग की और चेतावनी दी कि मांग नहीं मानी गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

अभियान की शुरुआत से पहले कांग्रेस मुख्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाए रखने के लिए समय पर चुनाव की आवश्यकता पर जोर दिया।

राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सीबी यादव ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव निर्धारित समय पर कराना संवैधानिक जिम्मेदारी है। चुनाव में देरी को उन्होंने संविधान की भावना के विपरीत बताया और आरोप




लगाया कि राज्य सरकार की नीतियों से पंचायतीराज व्यवस्था कमजोर हो रही है।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यह अभियान अब पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। गांव-गांव तक पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान, पदयात्राएं और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि इस मुद्दे को व्यापक जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। पूर्व जिला परिषद सदस्य मोहन डागर ने कहा कि चुनाव नहीं होने से ग्रामीण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पंचायतों और जिला परिषदों के कामकाज में बाधा आ रही है और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हो रहा है।

वहीं जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि हार के डर से चुनाव टाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे लोकतांत्रिक प्रणाली कमजोर हो रही है।

# केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने पंचायतों से किया संवाद, मांडलगढ़ की पेयजल व्यवस्था की मिली सराहना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जल जीवन मिशन (श्रश्रड) की प्रगति रिपोर्ट और पंचायत स्तर पर पेयजल व्यवस्थाओं की जमीनी स्थिति जानने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से देशभर की चुनिंदा पंचायतों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया। इस संवाद में मांडलगढ़ क्षेत्र की पंचायत की पेयजल व्यवस्था विशेष रूप से चर्चा का केंद्र रही। यहां घर-घर पानी पहुंचाने की बेहतर व्यवस्था की विस्तृत जानकारी मंत्री और केंद्रीय अधिकारियों को दी गई।

**घर-घर और पशुआलयो तक पहुंचा पानी**

वीसी के दौरान केंद्रीय मंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों से वर्तमान पेयजल स्थिति, जलापूर्ति की नियमितता, पाइपलाइन नेटवर्क और आमजन को मिल रही सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव की हर गली में पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन पहुंचाए गए हैं। इसके साथ ही पशुआलयों तक भी पानी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली है।

**प्राथमिकता के आधार पर होंगे शेष कार्य**

संवाद के दौरान केंद्रीय अधिकारियों ने योजना को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिन क्षेत्रों में अब भी जरूरत है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार ग्रामीण भारत में स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।


पंचायत प्रतिनिधियों ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल, क्षेत्रीय विधायक तथा चंबल योजना से जुड़े अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जयपुर से जल जीवन मिशन के मिशन डायरेक्टर राजन विशाल आईएएस, जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार गर्ग तथा ग्राम पंचायत होड़ा से अधिशासी अभियंता रामप्रसाद जाट, सहायक अभियंता प्रकाश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी भारत सिंह देवड़ा, अध्यापिका आरती जीनगर, हेमंत जोशी, आशीष कुमार जोशी और महेंद्र सिंह भाटी सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## श्री द्वारकाधीश मंदिर की 67वीं वर्षगांठ पर आयोजन, भीलवाड़ा में 28 को सजेगी भजनों की शाम, 29 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**



श्री द्वारकाधीश मंदिर समिति, मठेड़ा प्रजापति समाज (समस्त छोकला) द्वारा भगवान श्री द्वारकाधीशजी की 67वीं वर्षगांठ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। आयोजन को लेकर मंदिर समिति के अध्यक्ष रतन मांडीवाल के सानिध्य में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

सचिव नारायणलाल कपूरपुरा (अमालीगढ़) ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय आयोजन 28 और 29 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा।

मंगलवार, 28 अप्रैल को रात्रि 8:00 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें गायक भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

बुधवार, 29 अप्रैल को दोपहर 3:00 बजे से शहर के प्रमुख मार्गों से भगवान द्वारकाधीश की शोभायात्रा निकाली जाएगी। द्य शोभायात्रा के पश्चात शाम 7:00 बजे मंदिर प्रांगण में महाआरती का आयोजन होगा। इसके बाद भगवान को छप्पन भोग धराया जाएगा और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## भीलवाड़ा में एच.पी.वी. वैक्सीनेशन का विशेष अभियान 29 अप्रैल को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार एच.पी.वी. वैक्सीनेशन के विशेष अभियान का आयोजन जिले में 29 अप्रेल को किया जायेगा। एच.पी.वी. वैक्सीनेशन के लिए 14 वर्ष आयु की बालिकाएँ (जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, परन्तु 15वां जन्मदिन अभी तक नहीं मनाया है) पात्र है।

जिला कलक्टर ने समस्त विद्यालय (निजी/राजकीय) जिनमें 14 वर्ष आयु की बालिकाएँ (जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, परन्तु 15वां जन्मदिन अभी तक नहीं मनाया है) अध्ययनरत है, उन विद्यालयों (निजी / राजकीय) के प्रधानों को 29 अप्रैल को उनके नजदीकी जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय, सा.स्वा. केन्द्र, प्रा.स्वा. केन्द्र, शहरी प्रा.स्वा. केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र पर भिजवा कर एच.पी.वी. टीकाकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शेष बालिकाओं को चिन्हित करके एच.पी.वी. वैक्सीनेशन करवाये जाने के लिए कन्सेन्ट फार्म (सहमति पत्र) भरवाकर विशेष अभियान को एच.पी.वी. टीकाकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

## सुशासन की दिशा में बड़ा कदम- राजस्थान जन विश्वास अधिनियम 2.0 लाने की तैयारी



भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

राज्य सरकार की राजस्थान जन विश्वास अधिनियम 2.0 लाये जाने की बजट घोषणा और भारत सरकार के प्रोयोरिटी एरिया -22 के संबंध में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में बैठक हुई। बैठक में प्रमुख शासन सचिव विधि, राघवेन्द्र काछ्वाल, समस्त प्रशासनिक विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं शासन सचिवगण उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य सचिव ने बजट घोषणा तथा Priority Area-22 की अनुपालना किये जाने हेतु समस्त प्रशासनिक विभागों को निर्देश प्रदान किये गये। उन्होंने समस्त प्रशासनिक विभागों को निर्देश दिये कि वे अपने प्रशासनाधीन समस्त अधिनियमों, नियमों, विनियमों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों इत्यादि को यथाशीघ्र इंडिया कोड पोर्टल पर अपलोड करें। साथ ही, समस्त विभाग अपने अप्रचलित हो चुके कानूनों को निरसित या संशोधित कराने के लिए प्रस्ताव तैयार कर विधि विभाग को भिजवाएं।

## किसान की बेटी अंजली धोबी का कमाल, अंडर-17 में गुजरात टीम से चमकी



भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।

**परमेश्वर,** सरदार नगर गांव की अंजली धोबी ने अंडर-17 महिला क्रिकेट में गुजरात टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए वेस्ट ज़ोन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके ऑलराउंडर खेल की बदौलत चयनकर्ताओं ने उन्हें वेस्ट ज़ोन के 25 संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया है। गुजरात, सौराष्ट्र, बड़ौदा, मुंबई और महाराष्ट्र जैसी मजबूत टीमों के बीच अंजली ने अपने खेल से खास पहचान बनाई। अब वह 26 अप्रैल से मुंबई में शुरू होने वाले एक माह के विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगी, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अंजली किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं और सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत व लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और उन्हें बधाइयां दी जा रही हैं।

## भाजपा का बड़ा बयान - सी फॉर कांग्रेस या सी फॉर कन्फ्यूज्ड

### संवैधानिक ज्ञान से कोसों दूर कांग्रेस की ओबीसी आरक्षण और बिल तत्काल लागू करने की मांग महिला आरक्षण को उलझाने का षड्यंत्र - मेवाड़ा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पुनित चपलोत**


भाजपा ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा दुष्प्रचार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि सी फॉर कांग्रेस कहें या सी फॉर कन्फ्यूज्ड एक ही बात है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि कांग्रेस संवैधानिक ज्ञान से कोसों दूर है। ओबीसी महिलाओं के आरक्षण और बिल तत्काल लागू की मांग महिला आरक्षण को उलझाने का षड्यंत्र मात्र है।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि भारत के संविधान के अनुसार केवल एससी और एसटी के लिए ही राजनीतिक आरक्षण का प्रावधान है। कांग्रेस ओबीसी महिलाओं के कोटे की बात कर रही है तो इसके लिए एक नया संवैधानिक संशोधन जरूरी है। इसका सीधा मतलब है कि नया संशोधन, नई बहस और फिर से लंबी प्रक्रिया। और वहीं दूसरी तरफ वे कह रहे हैं कि बिल तुरंत लागू करो। अब कांग्रेस ये बताए कि क्या वे जानबूझकर नया अड़ंगा डालना चाहते हैं ताकि बिल फिर से कानूनी और संवैधानिक दांवपेचों में लटक जाए ? और जब अगर 2010 में कांग्रेस ने राज्यसभा में बिल पास किया था, तब उन्हें महिलाओं का ओबीसी कोटा याद क्यों नहीं आया था ?

### महिला सीटों के आरक्षण के लिए जनगणना और परिसीमन जरूरी

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता बार-बार यह आरोप लगा रहे हैं कि जब महिला आरक्षण देना था तो उसे जनगणना और परिसीमन से क्यों जोड़ा। शायद कांग्रेस के पास अनुभव की कमी है क्योंकि आरक्षण के लिए सबसे पहले यह तय करना होता है कि कौन सी सीट महिला के लिए आरक्षित होगी। यह तय करने का अधिकार सरकार के पास नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र परिसीमन आयोग के पास होता है। संविधान के अनुसार सीटों का फेरबदल केवल जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही हो सकता है। यदि भाजपा बिना डेटा के सीटें आरक्षित कर दे, तो कांग्रेस ही कल उसे कानून का सहारा लेकर उलझा देगी। मोदी सरकार ने इसे जनगणना से इसलिए जोड़ा ताकि यह सशक्त कानून बन सके। भाजपा महिलाओं को स्थायी हक देना चाहती है, चुनावी झुनझुना पकड़ाने का काम कांग्रेस का है।


### गजट नोटिफिकेशन जारी करना संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा



मेवाड़ा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद नियमानुसार अधिसूचित करना सरकार की जिम्मेदारी है। 16 अप्रैल 2026 से इसे प्रभावी बनाया गया है ताकि परिसीमन और जनगणना की प्रक्रिया को संवैधानिक मान्यता मिल सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 30 साल तक इस फाइल पर धूल जमाई, मोदी सरकार ने उस धूल को साफ कर इसे हकीकत में बदला है। नोटिफिकेशन जारी होना इस बात का सबूत है कि अब यह कानून बन चुका है और इसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती।

अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस को डर है कि अब उनके पास राजनीति करने के लिए कोई मुद्दा तो बचा नहीं, इसलिए वे जनता को गुमराह करने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रहे हैं।

लेकिन देश की आधी आबादी कांग्रेस के बातों में आने वाली नहीं है। इस तरह झूठ की दुकान खोलकर कांग्रेस अपना बचा हुआ जनाधार भी खो रही है।



## QUICK BITES

## निशा कँवर गौड़ दूसरी बार प्रदेश महामंत्री नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान राजस्थान की बैठक जोधपुर स्थित रावणा राजपूत भवन शिव बगीची मैं आयोजित हुई। जिसमे संस्थान प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला, प्रदेश महामंत्री मूल सिंह गहलोत, महिला प्रदेश महामंत्री अनीता कँवर चौहान, युवा प्रदेश अध्यक्ष सुधीर सिंह, जोधपुर जिलाध्यक्ष शिवदान सिंह भाटी, अनिल सिंह बडगुर्जर सहित समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे । बैठक के दौरान महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता कँवर चौहान ने प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला कि सहमती से संस्थान के विधान मे वर्णित शक्तियों का प्रयोग करते हुए भीलवाड़ा से निशा कँवर गौड़ व जोधपुर से गिरिजा भाटी को महिला प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है तथा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर सीमा कँवर भाटी को नियुक्त किया है7 निशा कँवर गौड़ के संस्थान के प्रति समर्पण व कार्यों को देखते हुए उन्हें लगातार दूसरी बार महिला प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है7

## गुरला के यात्रियों से वसूला जा रहा है 'पुर' का किराया, बसों के ठहराव पर सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।**




राजसमंद रोडवेज डिपो की बसों में गुरलां बस स्टैंड को लेकर अव्यवस्था सामने आई है। यात्रियों का आरोप है कि जयपुर मुख्यालय के आदेश के बावजूद बसें गुरलां में नियमित रूप से नहीं रुक रही हैं और सवार होने पर यात्रियों से पिछले स्टॉपेज 'पुर' का किराया वसूला जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार रोडवेज की ईटीआईएम मशीन में गुरलां स्टैंड का नाम फीड नहीं होने के कारण परिचालक 'पुर' से टिकट जारी कर रहे हैं, जिससे यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई बार बसें हाथ देने के बावजूद हाईवे पर नहीं रुकतीं, जबकि अन्य डिपो की बसों का यहां ठहराव है।

यात्रियों ने आरोप लगाया कि संबंधित कर्मचारी आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं और समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। उन्होंने इसे सीधे तौर पर यात्रियों के साथ अन्याय बताया है।

क्षेत्रवासियों ने राजसमंद डिपो प्रबंधन से मांग की है कि ईटीआईएम मशीन में गुरलां स्टैंड को जल्द अपडेट कराया जाए तथा बसों का नियमित ठहराव सुनिश्चित कर यात्रियों को राहत दी जाए।

## बस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मोतीराम आसवानी का निधन, सिंधी समाज में शोक की लहर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



शहर के सिंधी समाज के वरिष्ठ एवं शाहपुरा-विजयनगर बस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मोतीराम आसवानी का निधन हो गया। उनके निधन से समाज एवं परिवहन क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है।

आसवानी के निधन के पश्चात उनकी अंतिम यात्रा फुलिया गेट स्थित मोक्ष धाम पहुंची, जहां पूरे श्रद्धा भाव के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुत्र सोनी के अनुसार स्वर्गीय आसवानी का उठावना 26 अप्रैल, रविवार को सांय रखा गया है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिसमें दो पुत्र सोनी एवं किशोर, पत्नी तथा एक पुत्री शामिल हैं।

मोतीराम आसवानी अपने मिलनसार स्वभाव एवं सामाजिक सक्रियता के लिए जाने जाते थे। उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# ऊपरमाल धाकड़ समाज का 27वां सामूहिक विवाह सम्मेलन, 51 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



**(नरेश धाकड़) :** ऊपरमाल धाकड़ समाज द्वारा आयोजित 27वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 अप्रैल से भूमि पूजन एवं ध्वजा रोहण के साथ शुरू होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार सम्मेलन में 51 जोड़ों का विवाह एक साथ संपन्न कराया जाएगा।

यह कार्यक्रम आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकंडरी स्कूल परिसर में आयोजित होगा। सुबह 7:30 बजे भूमि पूजन एवं 9:15 बजे ध्वजा रोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। ध्वजा रोहण भीलवाड़ा के पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैया लाल धाकड़ तथा विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चेरिटेबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ द्वारा किया जाएगा।सम्मेलन के अध्यक्ष ओंकार लाल धाकड़ ने बताया कि आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम के तहत सुबह 10:15 बजे गणपति स्थापना, 10:30 बजे से मायरा, दोपहर 12:15 बजे प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित होगा। दोपहर 2 बजे प्रीतिभोज रखा गया है। सायं 7:15 बजे तोरण, 8:15 बजे आशीर्वाद समारोह तथा रात्रि 11:15 बजे पाणिग्रहण संस्कार के बाद विदाई समारोह संपन्न होगा। आयोजन स्थल पर भव्य पांडाल, भोजन, आवास, सुरक्षा, यातायात एवं चिकित्सा सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि अतिथियों एवं वर-वधु पक्ष को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से 51 जोड़ों को एक साथ परिणय सूत्र में बांधा जाएगा।

# गौ माता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग, राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें गौ संरक्षण एवं गौ सेवा को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए भारत सरकार से गौ माता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग उठाई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ सेवा के लिए सशक्त केंद्रीय कानून बनाने तथा अलग से 'गौ सेवा मंत्रालय' के गठन की मांग की जाएगी।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब एवं संरक्षक हेमंत कोठारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का स्थान अत्यंत पूजनीय है। उन्होंने बताया कि गौ केवल आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि कृषि, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अब समय आ गया है कि गौ संरक्षण को भावनात्मक के साथ-साथ संवैधानिक और कानूनी आधार भी दिया जाए।

जिला संयोजक अनुराग बाबेल एवं समाजसेवी ललित आंचलिया ने कहा कि गौ सेवा के लिए अलग मंत्रालय बनने से योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव होगा और देशभर की गौशालाओं को सुदृढ़ समर्थन मिल सकेगा।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण कदम बताया और जल्द ही इस मांग को केंद्र सरकार तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही गौ संरक्षण एवं सेवा के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया।

इस अवसर पर जिला मार्गदर्शक सीए महावीर सुनीता गांधी, महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, महामंत्री कुसुम श्रीश्रीमाल, जिला उपाध्यक्ष प्राचीर समदानी, सीए नवजोत सिंह, ललित बोहरा, महामंत्री ललित लोढ़ा, मुकेश मेडतवाल, सचिव कमल वैशनानी, ज्ञानचंद पगारिया, हरीश काकानी, विनोद सुखवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नवाचार संस्थान और पुलिस प्रशासन ने पांच बाल विवाह रुकवाय

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



( **सांवर वैष्णव** ):- जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन नवाचार संस्थान के द्वारा एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना के तहत जिले में बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाया गया है , जिसमें अबूझ सावो के तहत नवाचार संस्थान द्वारा बडलियास थाना क्षेत्र के आकोला, खजीना व बनकाखेड़ा गांव से बाल विवाह की जानकारियां प्राप्त हुई, जिसकी जानकारी संस्थान टीम द्वारा बड़लियास थानाधिकारी को दी गई, थानाधिकारी के निर्देशन पर सहायक उपनिरीक्षक प्यारचंद, मुकेश जाट श्रवण कुमार व उनकी टीम के साथ जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह तोमर, भगवत सिंह चारण उपस्थित रहे, थाना टीम के नेतृत्व में टीम द्वारा मौके पर जाकर नाबालिक बच्चों के उम्र संबंधित कागजात चैक किए जिस पर बच्चो की उम्र कम पाई गई, जिसमें आकोला में 2, खजीना में 1 व बनकाखेड़ा में 2 नाबालिग पाए गए, जिनकी शादी उनके परिजनों द्वारा करवाई जाने वाली थीं, थाने की टीम द्वारा सभी नाबालिग बच्चों का बाल विवाह रुकवाया गया और परिजनों को बाल विवाह न करने हेतु पाबंद किया व समझाइश दी, कि जब तक बच्चे बालिग नही हो जाते है तब तक उनकी शादी नही करेगे यह शपथ पत्र लेकर बाल विवाह न करने की समझाइश दी ।

# पूर्णकालिक श्रम मंत्री की नियुक्ति की मांग, संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**मानव तिवाड़ी ।** राजस्थान में श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पूर्णकालिक श्रम मंत्री की शीघ्र नियुक्ति की मांग उठने लगी है। इस संबंध में ऊपरमाल पत्थर मजदूर संगठन ने तहसीलदार ललित डीडवानिया के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश सहित अन्य राज्यों से आए करोड़ों श्रमिक दिन-रात मेहनत कर राजस्थान की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। खनन, निर्माण, फैक्ट्री, होटल, परिवहन, सफाई, कृषि सहित असंगठित क्षेत्रों में करीब 2.5 करोड़ श्रमिक कार्यरत हैं, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में श्रमिक न्यूनतम मजदूरी, सुरक्षा, सामाजिक योजनाओं, पेंशन, बीमा व स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं। प्रवासी एवं महिला श्रमिकों की स्थिति को विशेष रूप से चिंताजनक बताया गया है।

संगठन का कहना है कि वर्तमान में श्रम मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार मुख्यमंत्री के पास होने से श्रमिकों के मुद्दों पर अपेक्षित ध्यान नहीं मिल पा रहा है, जिससे समस्याओं के समाधान में देरी हो रही है और श्रमिकों में असंतोष बढ़ रहा है।


ज्ञापन में मांग की गई कि श्रमिकों के हितों को देखते हुए जल्द पूर्णकालिक श्रम मंत्री नियुक्त किया जाए। साथ ही सुझाव दिया गया कि 1 मई विश्व मजदूर दिवस पर इसकी घोषणा की जाए, जो श्रमिक हित में महत्वपूर्ण कदम होगा।

इस दौरान उपाध्यक्ष रामपाल प्रजापत, सचिव गंगाराम मेघवाल, कोषाध्यक्ष माधुलाल भील, राजू बंजारा, जीनू बंजारा, सूचना एवं रोजगार अधिकार अभियान के सुरेश रेगर, रामस्वरूप भील सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर लौटे जगदीश शर्मा, आज होगा स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**



शाहपुरा के जगदीश शर्मा नर्मदा मैया की तीसरी परिक्रमा पूर्ण कर शुक्रवार सायं नगर पहुंचेंगे। उनके स्वागत के लिए डाक बंगला परिसर, भीलवाड़ा रोड पर सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां श्रद्धालु उनके दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे।

शर्मा ने 11 फरवरी से शुरू हुई 68 दिनों की कठिन परिक्रमा को पूर्ण किया। इस दौरान उन्होंने दुर्गम मार्ग, जंगल और गांवों से गुजरते हुए साधना, संयम और सात्विक जीवनशैली का पालन किया। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपनी श्रद्धा और संकल्प को बनाए रखा।

परिक्रमा के अंतिम चरण में ओंकारेश्वर धाम पहुंचकर जल अर्पित करते हुए उन्होंने अक्षय तृतीया के अवसर पर यात्रा पूर्ण की। इस दौरान उन्हें संतों का सान्निध्य और ग्रामीण अंचलों का अनुभव भी मिला।

नगरवासियों का मानना है कि उनकी साधना और अनुभव समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

## बरुदनी में एसडीएमसी की विशेष बैठक का हुआ आयोजन



**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ।**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरुदनी में एसडीएमसी की विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बाबूलाल बेरवा प्रधानाचार्य द्वारा की गई । मीटिंग का मुख्य एजेंडा विद्यालय ष्ठस्र्ल्नञ्ज बजट में डॉम निर्माण संबंधी रखा गया। सभी एसडीएमसी सदस्यों के साथ वार्ता कर सर्व समिति से विद्यालय ग्राउंड में इसे बनाने का प्रस्ताव लिया गया ,इसके साथ-साथ पूर्व के कुछ अन्य कार्यों से संबंधित प्रस्ताव भी लिए गए। जिसमें प्रशासक गजेंद्र साहू ,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहीर, हरिशंकर सारस्वत, लादू लाल सोमाणी ,चंवरा बालाजी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष बालू लाल अहीर ,प्रभू लाल सोमाणी, शिव प्रकाश भट्ट, शिव प्रकाश दरक, हनुमान सारस्वत ,पंकज टेलर स्कूल स्टाफ व गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

# जलदाय विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर, लाखों लीटर पानी बहा, वार्डों में प्यास बरकरार

## फुलिया गेट टंकी बनी बर्बादी का केंद्र, स्थानीयों में रोष, हादसे की भी आशंका

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (जलदाय विभाग) की गंभीर लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। फुलिया गेट स्थित पानी की टंकी, जिससे करीब आधा दर्जन वार्डों की जलापूर्ति होती है, वहां विभागीय अनदेखी के कारण लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। विडंबना यह है कि एक ओर पानी बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी ओर आसपास की बस्तियों में पेयजल संकट गहराया हुआ है।



सरकार का उद्देश्य अंतिम छोर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, लेकिन यहां हालात इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रहे हैं। फुलिया गेट की इस टंकी से कायमखानी मोहल्ला, देशवाली मोहल्ला, बद्री का चैक, अहमदनगर, मोती नगर, मोहनबाड़ी और बाहरी बस्तियों में जलापूर्ति की जाती है, लेकिन पर्याप्त पानी होने के बावजूद लोगों तक सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है।

स्थानीय लोगों की शिकायत पर जीव दया सेवा समिति के संयोजक अतू खां कायमखानी और पार्षद डॉ. मोहम्मद इशाक ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। जल सप्लाई कर्मचारियों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि जितना पानी उन्हें मिलता है, उतना ही सप्लाई किया जा रहा है, लेकिन फिर भी मोहल्लों तक पानी नहीं पहुंच रहा।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए दोनों प्रतिनिधि सुबह सप्लाई शुरू होने से पहले टंकी स्थल पर पहुंचे। वहां का नजारा चैंकाने वाला था। टंकी के नीचे करीब 100 फीट तक झाड़-झंखाड़ और खरपतवार फैले हुए थे, वहीं 2 से 3 फीट तक पानी जमा था। टंकी का फाउंडेशन भी पूरी तरह गीला और दलदली हालत में नजर आया।

जैसे ही पानी की सप्लाई शुरू हुई, मुख्य आउटपुट पाइपलाइन से बड़े-बड़े फव्वारे निकलने लगे और हजारों लीटर पानी देखते ही देखते व्यर्थ बहने लगा। यह स्थिति पिछले करीब छह महीनों से बनी हुई है। इस दृश्य को देखकर अतू खां कायमखानी और डॉ. इशाक भी हैरान रह गए।

मामले की सूचना मिलने पर पीसीसी सदस्य संदीप महावीर जीनगर भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पाइपलाइन से हो रहे भारी रिसाव पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि जब पानी यहीं बर्बाद हो जाएगा तो वार्डवासियों तक पेयजल कैसे पहुंचेगा। उन्होंने विभाग से तत्काल रिसाव रोकने और पाइपलाइन दुरुस्त करने की मांग की।

स्थानीय नागरिकों ने भी गंभीर चिंता जताई है। उनका कहना है कि टंकी के नीचे जमा पानी और उगी हुई झाड़ियों के कारण फाउंडेशन कमजोर हो चुका है, जिससे भविष्य में बड़ा हादसा होने की आशंका है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मरम्मत और सफाई कार्य नहीं किया गया तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

क्षेत्रवासियों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई करते हुए रिसाव बंद करने, टंकी की मरम्मत कराने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि पेयजल संकट से राहत मिल सके और किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

# अक्षय सेवा संस्था की अनूठी पहल, ओम शांति वृद्धा आश्रम में मनाया पांचवां स्थापना दिवस

## वृद्धजनों का किया जनरल हेल्थ चेकअप, तीन वर्षों में लगाये 65 क्लब-फुट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

अक्षय सेवा संस्था ने अपना पांचवां स्थापना दिवस एक अनूठी पहल के साथ मनाया जिसमें हरनी महादेव के आगे ओम शांति वृद्धा आश्रम में निवासरत (35) वृद्धजनों का मेडिकल चेकअप किया गया। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष पवन कुमार नागौरी ने बताया कि संस्था के सदस्य एवं आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज के सह- आचार्य डॉ ऋषी टेलर द्वारा सभी वृद्ध जनों का मेडिकल चेकअप, बी.पी., शुगर कि जांच कि गई एवं आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराई गई,



इसी के साथ संस्था द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे गुरुवार को इस वृद्धाश्रम में अनुभवी मेडिकल टीम द्वारा चेकअप किया जाएगा, आवश्यक दवाईयां एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था के मुख्य संरक्षक चंद्र देव आर्य, एवं सचिव सुनील व्यास ने बताया कि संस्था द्वारा विगत पांच वर्षों में महात्मा गांधी चिकित्सालय में 400 केवीए का ओटो पैनल डीजी सेट नॉर्थ अमेरिका ग्रुप भीलवाड़ा के सहयोग से दान स्वरूप भेंट किया गया। वस्त्र व्यापार मित्र मंडल के सहयोग से कोरोना काल में पेशेंट ट्रॉली, व्हील चेयर, आक्सीजन सिलेंडर स्टैंड दान स्वरूप भेंट किये गये, विगत चार वर्षों से प्रचंड गर्मी में लौटे गिलास द्वारा कतार में खड़े मरीजों एवं उनके परिजनों को लगभग तीन महीने तक धूम धूम कर पानी पिलाया गया , अब तक संस्था द्वारा चार वृहद नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाए गए जिसमें 600 मरीजों के निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण किए गए, इसके साथ पिछले तीन वर्षों से क्लब-फुट (जन्म जात विकृति) से पीड़ित (65) रोगियों को क्लब फुट श्यू लगाए गए । संस्था कि महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा लीला शर्मा ने बताया कि संस्था की वार्षिक मीटिंग भी होटल नंदनी में रखी गई एवं आने वाले वर्ष में संस्था द्वारा किए जाने वाले जन सेवार्थ कार्यों पर विचार विमर्श किया गया , संस्था में नये सदस्य बनाने का प्रस्ताव भी लिया गया, सामूहिक भोज का आयोजन भी रखा गया।। कोषाध्यक्ष दिनेश तिवाड़ी द्वारा अब तक का आय - व्यय का विवरण बताया गया । इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी निलेश शर्मा, मनीषा बाकलीवाल, डॉ पायल टेलर,बलराज शर्मा, राजकुमार शर्मा, राधे श्याम पत्रियां , लोकेश शर्मा, योगेश शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, आदि उपस्थित थे ।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ भीलवाड़ा स्मार्ट सीटी ग्रुप ने लगाए 251 परिंडे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

जायंट्स ग्रुप ऑफ भीलवाड़ा स्मार्ट सीटी ग्रुप अध्यक्ष मदन गोपाल कालरा के नेतत्व में कमला पाम, द्वारिका कॉलोनी व कांचीपुरम में बढ़ती गर्मी के कारण पक्षीयों के भोजन और पानी के लिए 251परिन्डे लगाये गये । सचिव अविनाश माथुर ने कहा की इसके अभाव में पक्षी भटकते हैं और कई बार




निर्जलीकरण के कारण उनकी जान भी चली जाती है। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप के स्पेशल कमेठी मेम्बर सुरेंद्र जैन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के एल गिल्होत्रा, सुभाष अरोड़ा, महेश विजयवर्गीय, गणपत बोहरा, महेन्द्र राठी, संस्थापक सदस्य एस एम गुप्ता, गौ भक्त सुभाष दूदानी, उमेश बिश्नोई आदि सदस्य उपस्थित थे।

# दांथल में हनुमान जी मंदिर की नींव का मुहूर्त किया



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

( सांवर वैष्णव ):- क्षेत्र के दांथल गांव में शुक्रवार को हनुमान जी मंदिर की नींव का मुहूर्त किया गया । ग्रामीणों ने बताया कि दांथल गांव हनुमान जी महाराज के नवीन मंदिर निर्माण को लेकर आज शुक्रवार सुबह अभिजीत मुहूर्त में पंडित के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नींव का मुहूर्त किया गया, इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।।


# करंट लगने से किसान की मौत, कुएं पर मोटर चालू करते समय हुआ हादसा

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।

थाना क्षेत्र के भोरन (शेरपुरा) गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 48 वर्षीय व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार गोपीचंद मीणा पुत्र केसरलाल मीणा सुबह करीब 7:10 बजे अपने खेत के कुएं पर बरसी मेथी की पिलाई के लिए गए थे। इसी दौरान वे विद्युत मोटर का स्टार्टर चालू कर रहे थे, तभी अचानक करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिजन उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्करगढ़ लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना शक्करगढ़ से हेड कांस्टेबल राजेंद्र मीणा



मौके पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

इस मामले में मृतक के रिश्तेदार प्रभुलाल मीणा पुत्र मोतीलाल मीणा निवासी भोरन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## QUICK BITES

# अजीतपुरा के रमेश चंद्र पुरोहित को 'अति उत्कृष्ट सेवा पदक', क्षेत्र में खुशी की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।



उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अजीतपुरा निवासी रमेश चंद्र पुरोहित को उनकी कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा 'अति उत्कृष्ट सेवा पदक' से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और ग्रामीणों ने इसे गर्व का क्षण बताया है।

रमेश चंद्र पुरोहित वर्तमान में महाराणा प्रताप बटालियन, आरएसी (प्रतापगढ़) में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस विभाग में उनके लंबे, बेदाग और समर्पित सेवाकाल को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। महानिदेशक पुलिस, राजस्थान (जयपुर) उत्कल रंजन साहू द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र एवं पदक उन्हें प्रदान किया गया है।

जैसे ही इस सम्मान की सूचना अजीतपुरा गांव पहुंची, परिजनों और ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बन गया। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए इसे पूरे गांव के लिए गर्व की बात बताया।

रमेश चंद्र पुरोहित, गजानंद पुरोहित के सुपुत्र हैं और उन्होंने अपने सेवा काल में अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया है। यह पदक पुलिसकर्मियों को 15 से 25 वर्षों की उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवा के आधार पर दिया जाता है।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा ।



कस्बे में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष्य में शुक्रवार सुबह भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा ढोल-नगाड़ों के साथ गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल बाग वाले बालाजी मंदिर पहुंची, जहां विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

कलश यात्रा के दौरान पूज्य राष्ट्रीय संत सत्यानंद जी महाराज के आगमन पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और पूरे मार्ग में धार्मिक माहौल बना रहा।

इस अवसर पर हनुमान मंदिर के महंत 108 श्री घनश्याम दास जी महाराज, चिंता हरण बालाजी के महंत एवं पंचायत प्रशासक ज्योति जितेंद्र नागर, जटाशंकर नागला, मूलचंद गुर्जर, रामदेव गुर्जर, भागचंद, गोपाल कालिया, केदार सोमानी, प्रवीण टेलर, फतेह सिंह राठौड़, सत्यनारायण टेलर, घीसू लाल टेलर, गंगाराम माली, रामपाल माली, लादूराम जाट, चंपालाल पारलिया, रामेश्वर नागला, विनोद कुमार माली, केदार लड्डा, सत्यनारायण जोशी, महावीर माली, दिनेश नाथ, देवीलाल जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षण अटकाने के विरोध में आज सर्व महिला समाज निकालेगी जन आक्रोश पदयात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नारी शक्ति वन्दन अधिनियम के तहत महिला आरक्षण बिल पारित नहीं किए जाने की कांग्रेस की साजिश के विरोध में सर्व महिला समाज द्वारा शहर में शनिवार सायं 5 बजे जन आक्रोश पद यात्रा निकाली जाएगी।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जन आक्रोश पदयात्रा में भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु शर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा भी मौजूद रहेंगे। यह पदयात्रा शनिवार सायं 5 बजे महात्मा गांधी अस्पताल के मुख्य गेट के बाहर, भोपाल क्लब चौराहे से विपक्षी दलों के नेताओं के पुतलों के साथ प्रारंभ होगी जो मुख्य मार्गों से होते हुए सूचना केंद्र स्थित बजरंगी चौराहे पहुंचकर जन आक्रोश सभा में तब्दील हो जाएगी। इस दौरान आरक्षण बिल अटकाने की साजिश के विरोध में प्रदर्शन भी किया जाएगा।

इस पदयात्रा में विभिन्न जाति, वर्ग, समुदाय की महिलाओं के साथ साथ बड़ी संख्याएं शहर के महिला संगठनों, क्लबों, एसोसिएशन, यूनियन, संघों, छात्रा परिषद आदि से जुड़ी सैंकड़ों महिलाएं, युवतियां आदि शामिल होंगी।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी घोषित, रतिराम बने मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।



राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, जयपुर उप शाखा की मांडलगढ़ ब्लॉक कार्यकारिणी का निर्वाचन जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन कुमार के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया निर्वाचन पर्यवेक्षक सुरेश शर्मा के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई, जिसके बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

घोषित कार्यकारिणी में भंवर लाल गुर्जर को संरक्षक बनाया गया है। वहीं मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रतिराम मीणा को निर्वाचित किया गया। ब्लॉक उपाध्यक्ष के रूप में मुकुल तथा अंकित सुथार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ब्लॉक मंत्री पद पर हर्ष कुमार भट्ट एवं आईटी मंत्री के रूप में प्रेम प्रकाश तिवारी को चुना गया।

इसके अतिरिक्त दिनेश धाकड़ को ब्लॉक कोषाध्यक्ष, मंजू कुमारी तेली को संयुक्त मंत्री, भरत तिवारी को संगठन मंत्री तथा राहुल यादव को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं युवराज सिंह को जिला प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित किया गया।

नई कार्यकारिणी के गठन के बाद सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा ग्राम विकास कार्यों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।